राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

शिक्षक दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 04 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शिक्षक दिवस पर प्रदेश के शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते है। डॉ. राधाकृष्णन द्वारा बताये गये मार्ग पर चलकर शिक्षकों को एक आदर्श शिक्षक की भांति कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। शिक्षक बच्चे की सोच का निर्माता होता है। शिक्षक मानवता की वैचारिक प्रक्रिया को दिशा प्रदान करते हैं।

श्री मिश्र ने शिक्षकों का आहवान किया है कि वे युवा पीढी में ईमानदारी, सत्य, न्याय, करूणा और कर्त्तव्यनिष्ठा जैसे आदर्श मूल्यों को आत्मसात करायें।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का शहादत को सलाम

जयपुर, 4 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने भारत–चीन सीमा पर अरूणाचल प्रदेश में पाइनिज चेक पोस्ट पर पेट्रोलिंग के दौरान हुक्मपुरा गांव (झुंझुनूं) निवासी भारतीय सेना में 24 ग्रेनेडियर यूनिट में तैनात सूबेदार श्री शमशेर अली खान के शहीद हो जाने पर उनकी शहादत को सलाम किया है।

श्री मिश्र ने कहा कि इस जवान की शहादत ने परिवार के साथ ही पूरे प्रदेश और देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। श्री मिश्र ने ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल
9829271189